IV दैनिक जागरण रांची, 24 मार्च, 2026

# इक्फाई विवि का छठा दीक्षा समारोह आज

**जांस, रांची:** इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड का छठा दीक्षा समारोह 24 मार्च को शौर्य सभागार (जैप ग्राउंड के सामने, डोरंडा) में सुबह 11 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल और यूनिवर्सिटी के विजिटर संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दीक्षा समारोह में वर्ष 2025 में स्नातक उत्तीर्ण छात्रों को कुल 292 डिग्रियां प्रदान की जाएंगी, जिनमें आठ पीएचडी की उपाधि, 10 स्वर्ण पदक और 10 रजत पदक शामिल हैं। ये पुरस्कार विभिन्न कार्यक्रमों में शीर्ष और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को दिए जाएंगे। यूनिवर्सिटी के कुलपति कर्नल डा. रणजीत सिंह ने प्रेसवार्ता में शिक्षा की गुणवत्ता और समाज पर इसके प्रभाव की विरासत पर प्रकाश डाला।

IV दैनिक जागरण रांची, 25 मार्च, 2026
जागरण सिटी रांची

# 'दीक्षा जिम्मेदारियों की शुरुआत'

**जासं., रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि दीक्षा समारोह केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों के माध्यम से समाज व राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मंगलवार को इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड के दीक्षा समारोह में शौर्य सभागार, जैप-1 डोरंडा में संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का महत्व काफी बढ़ गया है। इसमें निजी विश्वविद्यालयों की भूमिका भी अहम है। उन्होंने कहा कि सभी निजी विश्वविद्यालयों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण व सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। विद्यार्थियों को ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ उत्कृष्टता की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम् की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत सदैव मानवता और सह-अस्तित्व का संदेश देता रहा है। विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में युवाओं की भूमिका अहम है। अंत में राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में छात्रा को प्रमाणपत्र देते राज्यपाल • जागरण



डोरंडा में आयोजित इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में शामिल विद्यार्थी • जागरण

# सेल्फ-रिलायंस व इनोवेशन ही बेहतर भविष्य की कुंजी

**292 डिग्रियां, 18 मेडल के साथ इक्फाई के छात्रों का राज्यपाल ने बढ़ाया हौसला**

**एआई और डेटा इंटेलिजेंस के दौर में खुद को अपडेट रखने की मिली सलाह**

**292** छात्रों को यूनिवर्सिटी की डिग्री दी गई

**08** स्कॉलर्स को पीएचडी उपाधियां दी गईं

**10** छात्र स्वर्ण पदक से सम्मानित किए गए

**10** छात्रों को रजत पदक प्रदान किए गए

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT



डिग्री प्रदान करते राज्यपाल एवं चांसलर.

ranchi@inext.co.in

**RANCHI (24 Mar) :** इक्फाई यूनिवर्सिटी, झारखंड का छठा दीक्षांत समारोह शौर्य सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने समारोह की अध्यक्षता की. इस अवसर पर वर्ष 2025 के स्नातकों को कुल 292 डिग्रियां प्रदान की गईं. कार्यक्रम में 8 पीएचडी उपाधियां, 10 गोल्ड मेडल और 10 सिल्वर मेडल देकर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया. समारोह में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला. गोल्ड मेडलिस्ट में अजित कुमार मिश्रा का नाम प्रमुख रूप से शामिल रहा.

## जिम्मेदारी व प्रतिबद्धता जरूरी

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि जीवन के नए चरण की शुरुआत है. यह समय जिम्मेदारी, प्रतिबद्धता और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने का है. उन्होंने छात्रों को मेहनत, लगन और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने की बधाई दी और कहा कि तकनीकी बदलाव के इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा इंटेलिजेंस की भूमिका लगातार बढ़

## स्वच्छ सोच व उद्यमिता जरूरी

**1** कुलाधिपति प्रो. टी.आर.के. राव ने छात्रों को जिम्मेदार और कानून का पालन करने वाला नागरिक बनने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि स्वच्छ विचार और स्वच्छ वातावरण बेहतर समाज के निर्माण की आधारशिला हैं. उन्होंने यह भी कहा कि डिग्री शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि नई यात्रा की शुरुआत है. विश्वविद्यालय ने कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वधवानी फाउंडेशन के साथ समझौता किया है, जिसका लक्ष्य 70 प्रतिशत कौशल आधारित शिक्षण को लागू करना है.

## रोजगार सृजन की दिशा में बढ़ें

**2** कुलपति कर्नल डॉ. रणजीत सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में तैयार कर रहा है. उनका उद्देश्य छात्रों को केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजक बनाना है. रजिस्ट्रार प्रो. जे.बी. पटनायक ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी अतिथियों और आयोजन टीम का आभार जताया. कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक प्रो. सुमित कुमार सिन्हा और पूरी टीम की अहम भूमिका रही.



# इक्फाइ का कान्वाकेशन आज 292 स्टूडेंट्स को मिलेंगी डिग्री

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




**राज्यपाल संतोष गंगवार होंगे चीफ गेस्ट**

ranchi@inext.co.in

**RANCHI (23 Mar) :** इक्फ़ाई यूनिवर्सिटी का छठा कॉन्वोकेशन 24 मार्च को आयोजित होगा. यह कार्यक्रम रांची के डोरंडा स्थित शौर्य ऑडिटोरियम में सुबह 11.00 बजे से शुरू होगा. इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि होंगे और समारोह की अध्यक्षता करेंगे. यूनिवर्सिटी ने आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं.

### छात्रों को मिलेगा सम्मान

इस समारोह में वर्ष 2025 के 292 छात्रों को डिग्रियां दी जाएंगी. इनमें 8 पीएचडी उपाधि धारक शामिल हैं. साथ ही 10 स्वर्ण पदक और 10 रजत पदक भी दिए जाएंगे. ये सम्मान अपने-अपने कोर्स में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिलेंगे. यह दिन छात्रों और उनके परिवार के लिए खुशी और गर्व का होगा.

### क्वालिटी एजुकेशन में पहचान

कुलपति कर्नल डॉ. रणजीत सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी शिक्षा की गुणवत्ता के लिए जाना जाता है. टाइम्स हायर एजुकेशन, लंदन और वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज रियल इम्पैक्ट जैसी संस्थाओं ने इसे भारत के शीर्ष 10 यूनिवर्सिटीज में जगह दी है. औद्योगिक क्षेत्र में भी इसका अच्छा प्रभाव है. यह उपलब्धि बेहतर शिक्षा और मेहनत का परिणाम है.

---

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com **अपने युवा**

# तकनीकी दौर में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें युवाः गवर्नर

**दीक्षांत समारोह**




इक्फाई विवि के छठे दीक्षांत समारोह में मंगलवार को टॉपर छात्रा को सम्मानित करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार।

- इक्फाई विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह आयोजित
- कानून का पालन करने वाले कर्तव्यनिष्ट नागरिक बनें छात्र-छात्राएं: कुलाधिपति

**292** विद्यार्थियों को मिली डिग्री, आठ को मिली पीएचडी की उपाधी

रांची, वरीय संवाददाता। इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का छठा दीक्षांत समारोह मंगलवार को शौर्य सभागार में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की।

राज्यपाल ने कहा कि यह अवसर न केवल स्नातक होने वाले छात्रों के लिए, बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों के लिए भी गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में प्रौद्योगिकी में तेजी से बदलाव और विकास हुआ है। कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने के बारे में नहीं है, बल्कि जीवन के एक नए चरण की शुरुआत के बारे में है जो जिम्मेदारी, प्रतिबद्धता और उद्देश्य से भरा है। उन्होंने स्नातकों को अपने व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज के विकास में भी सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलाधिपति डॉ टीआरके राव ने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को ऐसे जिम्मेदार, कानून का पालन करने वाले और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए जो समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखें।

### 10 को मिला स्वर्ण पदक

दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2025 में स्नातक करने वाले छात्रों को कुल 292 डिग्रियां प्रदान की, जिसमें 8 पीएचडी उपाधियां, 10 स्वर्ण पदक और 10 रजत पदक शामिल है। ये पदक विभिन्न कार्यक्रमों में शीर्ष स्थान और दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रदान किए गए। इस अवसर पर कुलपति कर्नल डॉ रणजीत सिंह, एन शोभा रानी यशस्विनी, वीआर शंकर, पूर्व कुलपति डॉ ओआरएस राव उपस्थित थे।

---



# इक्फाई विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह आज

- **10 छात्रों को मिलेगा गोल्ड, 10 को रजत पदक और 292 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड का छठा दीक्षांत समारोह मंगलवार जैर ग्राउंड डोरंडा के शौर्य सभागार में सुबह 11बजे से होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल और विवि के विजिटर संतोष कुमार गंगवार होंगे। समारोह की अध्यक्षता भी राज्यपाल ही करेंगे। यह जानकारी सोमवार को विवि की ओर से प्रेस कांफ्रेंस में दी गयी।

विवि के वीसी कर्नल डॉ. रणजीत सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय वर्ष 2025 में स्नातक हुए छात्रों को कुल 292 डिग्रियां प्रदान करेगा, जिनमें 8 पीएचडी उपाधि धारक, 10 स्वर्ण पदक विजेता और 10 रजत पदक विजेता शामिल हैं, जो विभिन्न कार्यक्रमों में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वालों और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रदान किए जाएंगे। इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. रणजीत सिंह ने इस दौरान शिक्षा की गुणवत्ता और समाज पर इसके प्रभाव की विरासत और मान्यता पर प्रकाश डाला। कहा कि इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड एक उच्च श्रेणी का विश्वविद्यालय है, जिसे टाइम्स हायर एजुकेशन, लंदन और वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज रियल इम्पैक्ट (डब्ल्यूयूआरआई) जैसी स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय और भारतीय रैंकिंग एजेंसियों द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में भारत के शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों में और औद्योगिक अनुप्रयोगों में प्रभाव के मामले में शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में मान्यता प्राप्त है।

For TV, e-paper & news visit: www.morningindia.in
Morning India
WEDNESDAY, RANCHI, MARCH 25, 2026

# 6thConvocation of the ICFAI University Jharkhand held successfully




THE 6thConvocation of the ICFAI University, Jharkhand was conducted on Tuesday at ShauryaSabhagar, In-Front of JAP Ground, Doranda, Ranchi. The Governor of Jharkhand Santosh Kumar Gangwar was the Chief Guest and also presided over the convocation. During the Convocation, the Universityhas conferred a total number of 292 degrees to students who graduated in the academic year 2025, which includes 8 Ph.D. awards,10 gold medals and 10 silver medals.Which were awarded to the top rankers and second rankers of the various programs.

Welcoming the audience of the convocation, the Vice-Chancellor of ICFAI University Jharkhand Col Dr. Ranjit Singh expressed his gratitude to N Shobha Rani Yasaswy, Chairperson, ICFAI Society, President V R Sankara along with the former Vice-Chancellor Prof (Dr.) ORS Raoand dynamic Chancellor Prof. (Dr.) TRK Rao and all ICFAI Family members. Further he said, The ICFAI University has been putting in concerted efforts to groom the students in all fields like Science & technology, Innovation, Research, Legal practices and extra co-curricular activities which enables the students to excel in all fields apart from their regular academic performance.

Addressing the audience during the Convocation ceremony, the Governor of Jharkhand and Visitor of ICFAI University Jharkhand, stated that the occasion marked a proud moment not only for the graduating students but also for their parents and faculty members. He congratulated the students for achieving success through their hard work, dedication, and perseverance.

He concurred with the views expressed by Chancellor Prof. (Dr.) T.R.K. Rao, noting that technology has undergone rapid transformation and evolution in recent years. Emphasizing the significance of the occasion, he remarked that a convocation is not merely about receiving a degree but about beginning a new phase of life filled with responsibility, commitment, and purpose. He encouraged the graduates to contribute meaningfully to their personal growth as well as to the development of society.Prof (Dr.) J B Patnaik, Registrar of the University proposed a vote of thanks and mentioning about the benign presence of His Excellency Santosh Kumar Gangwar, Chancellor Prof. (Dr.) T.R.K. Rao, Vice-ChancellorCol Dr. Ranjit Singh, and eminent academicians, guest of different government officials.

# इक्फाइ विवि का छठा दीक्षांत समारोह आज




**रांची.** इक्फाइ विवि, झारखंड का छठा दीक्षांत समारोह 24 मार्च को होगा. डोरंडा स्थित शौर्य सभागार (जैप ग्राउंड के सामने) में दिन के 11 बजे से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति व इक्फाइ विवि के विजिटर संतोष कुमार गंगवार होंगे. यह जानकारी कुलपति कर्नल डॉ रंजीत सिंह ने पत्रकारों को दी.

प्रभात खबर
Tuesday, March 24, 2026
Ranchi-City
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/69c198e39a6e8f28877cf239

## इक्फाइ विवि के दीक्षांत समारोह में 292 विद्यार्थियों को मिली डिग्री

# विद्यार्थी अपने ज्ञान, कौशल व मूल्यों से राष्ट्र के विकास में योगदान दें : राज्यपाल

**विशेष संवाददाता, रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों की नयी शुरुआत का प्रतीक है. विद्यार्थी अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें. राज्यपाल मंगलवार को डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित इक्फाइ विवि, झारखंड के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे. इस अवसर पर 10 विद्यार्थियों को गोल्ड, 10 विद्यार्थियों को सिल्वर व आठ अभ्यर्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की. समारोह में विभिन्न विषयों के वर्ष 2025 में उत्तीर्ण 292 विद्यार्थियों को डिग्री दी गयी. इक्फाइ विवि के चांसलर डॉ टीआरके राव ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में विवि के सिलेबस में 70 प्रतिशत स्किल्स विषयों को शामिल किया जाना चाहिए. इससे पूर्व कुलपति कर्नल रंजीत सिंह ने आगंतुकों का स्वागत किया. रजिस्ट्रार डॉ जीबी पटनायक ने धन्यवाद ज्ञापन किया. संचालन शशि सिंह ने किया. मौके पर सरला बिरला विवि के महाप्रबंधक डॉ गोपाल पाठक, रांची विवि के रजिस्ट्रार डॉ जीसी साहू, सुमित कुमार, अमर गुप्ता आदि उपस्थित थे.



दीक्षांत समारोह में शामिल राज्यपाल और अन्य अतिथि .

प्रभात खबर
Wednesday, March 25, 2026
Ranchi-City
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/69c2ec147e2daeb408b4290d

---



# दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि कर्तव्यों व उत्तरदायित्वों की नई शुरुआत का प्रतीक है : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2025 में स्नातक करने वाले छात्रों को कुल 292 डिग्रियां दी गयी। इनमें 8 को पीएचडी अवार्ड, 10 को गोल्ड मेडल और 10 विद्यार्थियों को रजत पदक शामिल हैं। ये पदक विभिन्न कार्यक्रमों में शीर्ष स्थान और दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रदान किए गये। जैप के शौर्य सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के विज़िटर संतोष कुमार गंगवार थे। उन्होंने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। मौके पर उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों की नई शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का महत्व अत्यंत बढ़ गया है और इसमें निजी विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि राज्य के सभी निजी विश्वविद्यालय यूजीसी एवं सरकार के निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख एवं मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना भी है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में ईमानदारी, परिश्रम एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाते हुए उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा एवं नवाचार के बल पर राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता की शुभकामनाएं दी।

**डिग्री मिलना शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि जीवन की यात्रा की असली शुरूआत है**

: वहीं, विवि के कुलाधिपति प्रो (डॉ) टीआरके राव ने कहा कि डिग्री मिलना शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि जीवन की यात्रा की असली शुरूआत है। उन्होंने बताया कि तेजी से हो रहे तकनीकी विकास ने आधुनिक दुनिया को काफी हद तक बदल दिया है और आज के समकालीन माहौल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा इंटेलिजेंस की अहम भूमिका है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे समझें कि उनका ज्ञान और कौशल उनके नियोक्ताओं और समाज के लिए कैसे उपयोगी हो सकता है। उन्होंने कहा कि विवि ने कौशल विकास और उद्योग की जरूरतों के हिसाब से तैयारी पर ध्यान देकर अपने शैक्षणिक दृष्टिकोण को मजबूत किया है। विवि ने रोजगार-उन्मुख शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए वधवानी फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका लक्ष्य 70% कौशल-आधारित शिक्षण ढांचा सुनिश्चित करना है। उन्होंने छात्रों को उद्यमी सोच विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया और उन्हें स्वरोजगार के अवसरों को तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

### रोज नये पाठ्यक्रम तैयार किये जा रहे हैं

इससे पूर्व दीक्षांत समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए विवि के वीसी कर्नल डॉ रणजीत सिंह ने इक्फाई सोसाइटी की अध्यक्षा एन शोभा रानी यशस्विनी, अध्यक्ष वीआर शंकर, पूर्व कुलपति प्रो (डॉ) ओआरएस राव, वीसी प्रो (डॉ) टीआरके राव और इक्फाई परिवार के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विवि विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, कानूनी अभ्यास और पाठ्येतर गतिविधियों जैसे सभी क्षेत्रों में छात्रों को तैयार करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, ताकि छात्र अपनी नियमित शैक्षणिक उपलब्धियों के अलावा अन्य सभी क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। समारोह में विवि के रजिस्ट्रार प्रो( डॉ) जेबी पटनायक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने पूरी दीक्षांत समारोह टीम और स्टाफ सदस्यों का भी विशेष धन्यवाद व्यक्त किया, जिन्होंने संयोजक प्रो सुमित कुमार सिन्हा के नेतृत्व में इस कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

For TV, e-paper & news visit: www.morningindia.in
Morning India
TUESDAY, RANCHI, MARCH 24, 2026

# 6th Convocation of the ICFAI University to be held on 24th March 2026




THE 6th Convocation Ceremony of ICFAI University Jharkhand will be held at Shaurya Sabhagar, (In-Front of JAP Ground, Doranda, Ranchi) on 24th March 2026, and will begin at 11:00 AM.

The Governor of Jharkhand, Santosh Kumar Gangwar will be the Chief Guest on the occasion and will preside over the function.

During the Convocation, the University will confer a total of 292 degrees to students who graduated in the year 2025, which includes 8 Ph.D. awardees, 10 gold medalist and 10 silver medalist which will be awarded to the top position holders and second rankers of the various programs.

Addressing the Media & Press, Vice-Chancellor of ICFAI University Jharkhand Col Dr. Ranjit Singh highlighted the legacy and recognition of its quality of education and its impact on the society. Besides ICFAI University, The university is high ranked university recognized by Independent International and Indian ranking agencies like Times Higher Education, London and World Universities Real Impact (WURI) among the top 10 Universities in India in Quality of Education and among the top 50 Universities with regard to Impact in Industrial Applications.

It is indeed a proud moment for the graduating students, their parents, the faculty members, staff members and the administration of the University.

Col Dr. Ranjit Singh, Vice-Chancellor of the University, addressed a press conference on 23rd March 2026 about the convocation and presented the above information before the press.